#MouTime — आईआईएम रायपुर और एनएडीटी नागपुर का साथ

# कर और नीति की पढ़ाई अब होगी और मजबूत

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

**रायपुर @पत्रिका.** आईआईएम रायपुर और नागपुर की नेशनल एकेडमी ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (एनएडीटी) ने आपस में एक समझौता किया है। इस समझौते का मकसद है कि कर (टैक्स), कानून, सरकारी नीति और प्रबंधन जैसे विषयों पर मिलकर काम किया जाए।

इस साझेदारी में मिलकर कई काम किए जाएंगे जैसे- रिसर्च प्रोजेक्ट्स, टीचर्स के लिए ट्रेनिंग, स्टूडेंट्स के लिए इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट्स और ऐसे प्रोग्राम जिनसे बच्चों को असली दुनिया का अनुभव मिले। यह समझौता एक



औपचारिक कार्यक्रम में किया गया, जहां प्रो. रामकुमार काकानी और एनएडीटी के अधिकारी आकाश देवांगन ने दस्तखत किए। अब दोनों संस्थान मिलकर वर्कशॉप, सेमिनार और कॉन्फ्रेंस भी करेंगे, जिससे छात्रों, शिक्षकों और सरकारी लोगों को एक साथ सीखने और विचारों को बांटने का मौका मिलेगा। इस तरह यह पार्टनरशिप पढ़ाई को और बेहतर बनाएगी और आने वाले वक्त के लीडर्स को तैयार करने में मदद करेगी।

## आइडियाज और मोटिवेशन मिलेंगे

यह समझौता पढ़ाई और असल दुनिया के कामों को जोड़ने का अच्छा तरीका है। इससे स्टूडेंट्स को नए आइडिया सोचने और देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलेगी।

**-राम कुमार काकानी,** डायरेक्टर, आईआईएम रायपुर

Patrika, 10 April 2025, Zoom My City P. 01.